आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू–ऑफ–यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के भव्य समारोह में राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे।
- अंडमान निकोबार प्रशासन मुंबई में आयोजित हो रहे भारत समुद्री सप्ताह–2025 में भाग ले रहा है– स्टॉल में द्वीपों की महत्वकांक्षी पहलों और विकास परियोजनाओं का प्रदर्शन ।
- न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त– 24 नवंबर को संभालेंगे कार्यभार।
- ओपन स्टेट प्राइज़ मनी बैडमिंटन चैंपियनशिप–सह–चयन ट्रायल कल और 2 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू–ऑफ–यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के भव्य समारोह में राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे। इस कार्यक्रम में एक भव्य परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भारत की एकता और विविधता को प्रदर्शित करने वाली श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। परेड में सीआरपीएफ के पांच शौर्य चक्र विजेताओं और बीएसएफ के सोलह वीरता पदक विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ कर्मियों की वीरता के लिए भी उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती "सरदार@150" के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही है। यह अभियान पाँच प्रमुख विषयों जैसे एकता और राष्ट्र निर्माण, सुशासन, युवाओं का सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और सांस्कृतिक अखंडता पर केन्द्रित होगा। इनमें सेमिनार, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएँ, हेरिटेज वॉक, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, खेल प्रतियोगिताएँ, प्रदर्शनियाँ और स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम शामिल होंगे। आज सुबह 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आज दोपहर साढ़े तीन बजे प्रातरापुर स्थित जिला जेल में कार्यक्रम के आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सेल्यूलर जेल में आने वाले आगंतुकों के लिए ऑन–द–स्पॉट क्विज़ का भी आयोजन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी

MY Bharat पोर्टल के माध्यम से इस अभियान में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण 2 नवंबर तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू–कश्मीर तथा लद्दाख के स्थापना दिवस के अवसर पर, द्वीपसमूह में रहने वाले इन क्षेत्रों के लोगों को शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर तथा लद्दाख 31 अक्टूबर, 2019 को अस्तित्व में आए और द्वीपों के साथ ये संबंध एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मूर्त रूप देते हैं। उप–राज्यपाल ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और जम्मू–कश्मीर तथा लद्दाख दोनों ने अपनी चुनौतियों का सामना करते हुए उपलब्धियां हासिल की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन मुंबई में आयोजित हो रहे भारत समुद्री सप्ताह–2025 में प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर महत्वाकांक्षी पहलों और विकास परियोजनाओं को प्रदर्शित कर रहा है। इसका उद्देश्य द्वीप समूह को समुद्री पर्यटन और ब्लू इकोनॉमी केंद्र में बदलना है। स्टॉल के माध्यम से भारत की पूर्वी समुद्री सीमा के रूप में द्वीपसमूह की बढ़ती क्षमता, बंदरगाहों, जहाजरानी, मत्स्य पालन और सतत पर्यटन के रूप में उभरते केंद्र को प्रदर्शित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। जिससे पूरे देश के साथ द्वीपवासियों को भी लाभ हुआ।

<><><><><><><>

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 24 नवम्बर से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल अगले महीने की 23 तारीख को समाप्त होगा।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने कहा है कि सभी स्कूलों में कक्षा तीन से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए.आई. पर पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह पहल कठिन समस्याओं के समाधान के लिए ए.आई. के नैतिक उपयोग में नया और महत्वपूर्ण कदम है। यह पद्धति फाउंडेशनल स्टेज में कक्षा तीन से ही शामिल हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग सीखने, सोचने और सिखाने की अवधारणा को मजबूत करेगी और धीरे–धीरे जनहित के लिए ए.आई. की ओर अग्रसर होगी। मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई. ने ए.आई और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए आई.आई.टी. मद्रास के प्रोफेसर कार्तिक रमन की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस विषय पर नई दिल्ली में सी.बी.एस.ई, एन.सी.ई.आर.टी, के.वी.एस, एन.वी.एस और बाहरी विशेषज्ञों की एक हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने कहा कि ए.आई. में शिक्षण को हमारे आसपास की दुनिया से जुड़े बुनियादी कौशल के रूप में माना जाना चाहिए।

<><><><><><><>

ओपन स्टेट प्राइज़ मनी बैडमिंटन चैंपियनशिप कल और 2 नवंबर को श्री विजयपुरम में आयोजित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप के दौरान, 18 से 24 नवंबर, तक अरुणाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली 47वीं जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता और 1 से 6 दिसंबर तक ओडिशा में आयोजित होने वाले 37वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए अंडर–19, अंडर–17 और अंडर–15 श्रेणियों के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो इन द्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगे। एकल के लिए प्रत्येक आयु वर्ग में कम से कम छह प्रतिभागी और युगल के लिए प्रत्येक आयु वर्ग में कम से कम छह टीमें का होना अनिवार्य है। खिलाड़ियों से निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से आज दोपहर 2 बजे तक आवेदन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जिला भारोत्तोलन चैंपियनशिप और अस्मिता लीग के लिए चयन ट्रायल 15 और 16 नवंबर को कार निकोबार में आयोजित किए जाएँगे। जूनियर, सब–जूनियर और सीनियर श्रेणियों के लिए चयनित खिलाड़ी 3 से 7 दिसंबर तक केरल में आयोजित होने वाली चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी 13 नवंबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>